
आज़ादी का अमृत महोत्सव




# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 01.11.2021 से 06.11.2021)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## किसानों से मुलाकात
(दिनांक 31.10.21)

**विषय: किसानों से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज अपनी समस्याओं को लेकर सोनीपत के किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल माननीय मुख्यमंत्री जी से उनके आवास पर मिला। किसानों ने मुख्यमंत्री जी को फसल खराबी, ड्रेनों की सफाई, बिजली आदि की समस्याओं से अवगत करवाया। जिस पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने गिरदावरी कराने और बिजली तथा ड्रेनों की समस्या को तुरंत हल करने के निर्देश दिए।



## हरियाणा दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम
(दिनांक 31.10.21)



**विषय: हरियाणा दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम।**

**प्रभाव:** आज पंचकूला में हरियाणा दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें हरियाणा के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। माननीय मुख्यमंत्री जी ने उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होकर सभी कलाकारों का उत्साह वर्धन किया और उन्हें शुभकामनाएं दी।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## बर्कले इंडिया स्पीकर सीरीज इवेंट

(दिनांक 31.10.21)

**विषय: बर्कले इंडिया स्पीकर सीरीज इवेंट।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने विदेशों के अग्रणी विश्वविद्यालय में पढ़ रहे हरियाणा के छात्रों से विडियों कांफ्रेंस के माध्यम से संवाद किया। इस अवसर पर छात्रों ने विभिन्न मुददों को लेकर माननीय मुख्यमंत्री से चर्चा की साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा देश का ऐसा पहला राज्य है जिसने अपने यहां विदेश सहयोग विभाग का गठन किया है इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने सभी छात्रों को हरियाणा में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी और हरियाणा दिवस की बधाई दी।

## हरियाणा इंजीनियर वर्क्स पोर्टल का शुभारंभ

(दिनांक 01.11.21)

**विषय: हरियाणा इंजीनियर वर्क्स पोर्टल का शुभारंभ।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा इंजीनियर वर्क्स (HEW) का शुभारंभ किया। भविष्य में सभी कंस्ट्रक्शन के टेंडर और कार्य इसी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ही दिए जाएंगे और उनकी निगरानी और समीक्षा भी इसी पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। हरियाणा सरकार के साथ काम करने वाले सभी ठेकेदारों को स्वयं को इस पोर्टल पर रजिस्ट्रर करना होगा। बिलों के भुगतान में देरी और कार्यों की गलत समीक्षा पर भी इस पोर्टल के माध्यम से रोक लगेगी। इस पोर्टल की शुरूआत से न केवल कार्यों में पारदर्शिता बल्कि भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगेगी।


## हरियाणा दिवस के अवसर पर प्रेस कांफ्रेंस

(दिनांक 01.11.21)



**विषय: हरियाणा दिवस के अवसर पर प्रेस कांफ्रेंस।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा दिवस के अवसर पर प्रेस कांफ्रेंस कर हरियाणा के लोगों से संवाद किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री जी ने न केवल सरकार के 7 साल पूरे होने पर प्रदेशवासियों को सरकार की योजनाओं



# साप्ताहिक सूचना पत्र

और उपलब्धियों की जानकारी दी बल्कि कई जनकल्याणकारी घोषणाएं भी की जिसमें प्रमुख हैं :–

- तहसीलों के अलावा अब CTM और SDM ऑफिस में भी रजिस्ट्रीयां हो सकेंगी इससे भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगेगी और तहसीलों में होने वाली असुविधा से भी लोगों को निजात मिलेगी।
- हरियाणा में रोजगार की ठेकेदारी प्रथा को खत्म करके आज से हरियाणा कौशल रोजगार निगम की शुरूआत की गई।
- 400 से अधिक सेवाओं को परिवार पहचान पत्र के जोड़ा गया।
- गुरूग्राम में जिन कॉलोनियों और सोसाईटी के पास बिजली कनेक्शन नहीं है उन्हें बिजली कनेक्शन दिए जाऐंगे।
- पूरे राज्य में नए साइबर थाने खोले जाएंगे।
- डी.सी. रेट अब से निगम रेट होगा और इसमें होने वाली अनियमितता समाप्त होगी।
- साल में 2 बार सभी पुलिस कर्मियों की स्वास्थ्य जांच की जाएगी।
- इसके साथ ही हरियाणा के हर एक गांव की जिम्मेदारी ग्राम सरंक्षक योजना के तहत एक क्लास वन अधिकारी को दी जाएगी।

हरियाणा के 56वें स्थापना दिवस पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने इन सभी शुरूआतों को हरियाणा के विकास की दिशा में एक और कदम बताया।


## हरियाणा दिवस पर राजभवन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम

(दिनांक 01.11.21)




**विषय: हरियाणा दिवस पर राजभवन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम।**

**प्रभाव:** आज हरियाणा दिवस के अवसर पर हरियाणा राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय जी औ माननीय मुख्यमंत्री जी उपस्थित रहे। इस अवसर पर दोनों ने सभी प्रदेशवासियों को हरियाणा दिवस की शुभकामनाएं और बधाई दी।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## माननीय प्रधानमंत्री जी के साथ विडियो कांफ्रेंस

(दिनांक 03.11.21)



**विषय: माननीय प्रधानमंत्री जी के साथ विडियो कांफ्रेंस।**

**प्रभाव:** कोविड के 100 प्रतिशत वैक्सीनेशन को लेकर आज माननीय प्रधानमंत्री जी सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और संबंधित लोगों के साथ विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संवाद किया। इस अवसर पर हरियाणा से माननीय मुख्यमंत्री जी और हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज जी भी विडियो कांफ्रेंस में उपस्थित रहे। माननीय प्रधानमंत्री जी ने सभी राज्यों से अपने–2 यहां 100 प्रतिशत कोविड वैक्सीनेशन को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कहा।


## दिवाली दिवस समारोह

(दिनांक 04.11.21)



**विषय: दिवाली दिवस समारोह।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने दिवाली के अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं और बधाई दी। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने स्वयं अपने निवास पर कार्य करने वाले कर्मचारियों और



# साप्ताहिक सूचना पत्र

पुलिस तथा सिक्योरिटी के जवानों के साथ दिपावली का त्यौहार मनाया और सभी को दिपावली की शुभकामनाएं और बधाई दी।

## सोनीपत के झारोठी गांव का दौरा

(दिनांक 06.11.21)





**विषय: सोनीपत के झारोठी गांव का दौरा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने किसानों के आमंत्रण पर सोनीपत के गांव झारोठी का दौरा किया और ओलावृष्टि से खराब हुई फसल का मुआयना किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि किसी भी किसान का नुकसान नहीं होने देंगे और खराब फसल के हर एक दाने का मुआवजा हरियाणा सरकार देगी।